ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank
ಭಾರತ ಸರ್ಕಾರದ ಒಂದು ಉದ್ಯಮ भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ सिंडिकेट Syndicate
ವೃತ್ತ ಕಾರ್ಯಾಲಯ, ಮಣಿಪಾಲ अंचल कार्यालय, मणिपाल Circle Office,Manipal

# मंथन



एक अच्छा बैंक न केवल समाज का वित्तीय हृदय होता है, बल्कि आम जनता की आर्थिक हालत में सुधार लाने के लिए हर तरीके से मदद करने का दायित्व भी उसका है।

हमारे संस्थापक –
श्री अम्मेमबाल सुब्बराव पै

19 नवंबर 2021- संस्थापक दिवस

अंचल कार्यालय मणिपाल
त्रैमासिक ई पत्रिका
दिसंबर 2021

अंक – 5
Issue – 5

CIRCLE OFFICE MANIPAL
QUARTERLY E MAGAZINE
DECEMBER 2021

## महा प्रबंधक एवं अंचल प्रमुख का संदेश



**मेरे प्रिय केनराइट्स,**

मुझे दिसंबर **2021** तिमाही की ई-पत्रिका "मंथन" के माध्यम से आपके साथ संवाद करने में बहुत खुशी हो रही है। मैं उन सभी लोगों की सराहना करता हूँ जिन्होंने पत्रिका के प्रकाशन में योगदान दिया है। भविष्य के संपादन का भी बेसब्री से इंतजार है।

जैसा कि हमारे प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी समावेशी विकास पर जोर दे रहे हैं, सभी कर्मचारियों से मेरी अपील है कि अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाएं और समावेशी विकास का हिस्सा बनें। प्रत्येक कर्मचारी में विकसित होने वाला प्रमुख गुण उत्कृष्ट ग्राहक सेवा की कला सीखना है। इस संपादन में, मैं आपके साथ उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए आप में विकसित की जाने वाली **10** टिप्स साझा करना चाहता हूँ ।

**1. उद्योग / उत्पाद ज्ञान:**

चाहे आप एक टेलर / अधिकारी / प्रबंधक/ कार्यपालक हों, हमारे उत्पादों और सेवाओं की गहन समझ होना उच्च गुणवत्ता ग्राहक सेवा प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण कारक है।

**2. पारस्परिक कौशल:**

असाधारण लोगों के कौशल होने पर आपको अपने ग्राहकों के साथ विश्वास बनाने और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने में मदद मिल सकती है। अच्छा संपर्क कौशल भी विकसित करें। ग्राहक के साथ विनम्रता और शालीनता से बातचीत करें।

**3. तकनीकी ज्ञान:**

सभी कर्मचारियों को आवश्यक रूप से हमारे सभी प्रौद्योगिकी उत्पादों को गहराई से अद्यतन करना है और समझना चाहिए। समय निकालकर हमारे प्रौद्योगिकी उत्पादों को ग्राहकों को समझाएं और शिक्षित कराएं।

**4. सहानुभूति:**

ग्राहक वित्तीय चुनौती या हमारी सेवाओं के संबंध में किसी समस्या के समाधान के लिए आपसे संपर्क कर सकता है। कृपया ग्राहक की चिंता को प्रसन्नतापूर्वक और मुस्कुराते हुए सुनें, जिससे उनके तनाव दूर होगा और उन्हें अधिक प्रभावी ढंग से संवाद करने में मदद होगा।

## General Manager & Circle Head's Message

**My dear Canarites,**

I am highly delighted to communicate with you through our December 2021 Quarter Magazine “MANTHAN”. I place on record appreciation to all those who have contributed to the publication of the magazine. Eagerly waiting for the future editions too.

As our MD & CEO is insisting on INCLUSIVE GROWTH, my appeal to all staff is to play your role well and become part of the Inclusive Growth. The prime quality to develop in each staff is to learn the art of excellent customer service. In this edition, I wish to share with you 10 tips to be nurtured in each one of you for providing excellent customer service.

1.**INDUSTRY/PRODUCT KNOWLEDGE:**

Whether you are a Teller / Officer / Manager / Executive, having an in depth understanding of our products and services is a key factor in providing high quality customer service.

**2.INTERPERSONAL SKILL:**

Having exceptional people skills can help you build trust with your customers and provide excellent customer service. Develop good communication skill too. Interact with customer politely and gracefully.

**3.TECHNICAL KNOWLEDGE:**

All employees should necessarily update and understand in depth all our Technology products. Take the time to explain and educate our Technology products to customers.

**4.EMPATHY:**

Customer may approach you with a financial challenge or with a problem regarding our services to be resolved. Kindly listen to the Customer’s concern in a pleasing manner and smiling face, which will pave the way to diffuse their tension and will help them to communicate more effectively.

**5. क्षमा :**

क्षमा एक महत्वपूर्ण कौशल है जो आपको ग्राहक की सकारात्मक / कुशलता से सेवा करने में मदद करता है। यह सुनिश्चित करें कि ग्राहक अपने आप को मूल्यवान महसूस करें और उनके सभी प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया जाएं ।

**6. संकल्प कौशल विकसित करें:**

यदि कोई ग्राहक आपके पास कोई चुनौती या समस्या लेकर आता है, तो उनकी स्थिति को समझने के लिए समय निकालें और उनका वांछित परिणाम क्या है। इससे आपको समस्या को जल्द से जल्द हल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने में मदद मिलेगी।

**7. मित्रता:**

यह सुनिश्चित करें कि ग्राहक अपने आप को मूल्यवान महसूस करें। मुस्कान के साथ उनका अभिवादन करें। अपने ग्राहकों के साथ अच्छे संबंध बनाएं और व्यक्तिगत सेवाएं प्रदान करें।

**8. जवाबदेही:**

ग्राहक को सक्रिय रूप से प्रतिक्रिया दें । ताकि वे मामूली दर भिन्नताओं की तुलना करके किसी अन्य वित्तीय संस्थान मे न चला जाएं।

**9. शीर्घ निर्णय लेने का कौशल**;

शीघ्र निर्णय लेने का कौशल विकसित करें जिससे सभी ऋण प्रस्ताव शीघ्र कारोबार में बदलें।

**10. टीम बिल्डिंग:**

एक खुश और संयुक्त टीम निश्चित रूप से सकारात्मक और सक्रिय रूप से कार्य करेगी। जो कोई भी शाखा में प्रवेश करता है, जहाँ एक उत्कृष्ट टीम है, वह अंतर महसूस करेगा और निश्चित रूप से संतोषपूर्वक ही लौटेगा। सभी व्यावसायिक गतिविधियों में सभी स्टाफ सदस्यों को शामिल करने का प्रयास करें और टीम के सदस्यों के बीच सभी व्यावसायिक लक्ष्यों / अंतरालों / उपलब्धियों और योजनाओं को साझा और अद्यतन करें।

सबसे पसंदीदा बैंक बनने की हमारी यात्रा में, मैं चाहता हूँ कि आपकी निरंतर भागीदारी और स्व विकास जो हमारा सिद्धांत - "ग्राहक पहले" पर मजबूत बना रहे।

**स्वस्थ रहें , सुरक्षित रहें , डिजिटल का प्रयोग करें**

**शुभकामनाओं सहित,**

**रामा नायक के**
महा प्रबंधक व अंचल प्रमुख

**5.PATIENCE:**

Patience is an important skill that helps you to serve the customer positively / efficiently. Ensure your customers feel valued and is answered satisfactorily for all their queries.

**6. DEVELOP RESOLUTION SKILL:**

If a customer approaches you with a challenge or issue, take the time to understand their situation and what their desired outcome is. This will help you to take the necessary steps to solve the issue at the earliest.

**7.FRIENDLINESS:**

Make sure your customer feel welcomed and valued. Greet them with a smile. Build good rapport with your customers and provide personalised services.

**8.RESPONSIVENESS:**

Respond to the customer proactively. Try to create an extra 'WOW' in their mind so that they will not switch to some other financial institution by comparing minor rate variances.

**9.QUICK DECISION MAKING SKILLS:**

Develop quick decision making skills which will lead to speedy turnaround to all proposals and deals.

**10.TEAM BUILDING:**

A happy and blended team will definitely acts positively and pro actively . Whoever enters the branch, where an excellent team is there will feel the difference and surely returns satisfactorily. Try to involve all staff members in all business activities and share and update all business Targets / gaps / Achievement and plan among the Team members then and there.


In our journey towards become the most Preferred Bank, I wish your continued involvement and self development continue to stand strong on its "Customer First" principle.

**STAY SAFE. STAY HEALTHY, LET'S GO DIGITAL**


**WITH BEST WISHES,**


**Rama Naik K**
General Manager & Circle Head

## अंचल कार्यालय की यथा दिसंबर 2021 की कारोबार स्थिति
## Circle Business position as on December 2021





### क्षेत्रीय कार्यालयों का योगदान






100%
80%
60%
40%
20%
0%
मार्च 21
जून 21
सितंबर 21
दिसंबर 21
अग्रिम / ADVANCES
जमा / DEPOSITS


25000
20000
15000
10000
5000
0
मार्च 21
जून 21
सितंबर 21
दिसंबर 21
कासा / CA
एस बी / SB
आरटीडी / RTD

## क्षेत्रीय कार्यलयों की यथा दिसंबर 2021 की कारोबार स्थिति
## RO Wise Business position as on December 2021

### दावणगेरे :: DAVANGERE





### गोवा ::GOA




# क्षेत्रीय कार्यलयों की यथा दिसंबर 2021 की कारोबार स्थिति
## RO Wise Business position as on December 2021

### कारवार ::KARWAR





### शिवमोग्गा ::SHIVAMOGGA




## क्षेत्रीय कार्यलयों की यथा दिसंबर 2021 की कारोबार स्थिति
## RO Wise Business position as on December 2021

### उडुपि I :: UDUPI I




### उडुपि –II :: UDUPI-II



## अंचल कार्यालय मणिपाल की गतिविधियाँ

# साख संवर्धन कार्यक्रम

### उडुपि जिला

**दिनांक 27.10.2021 को उडुपि जिले के साख संवर्धन कार्यक्रम अग्रणी बैंक कार्यालय उडुपि द्वारा मणिपाल में आयोजित किया गया । उडुपि जिले के विधायक श्री के रघुपति भट्ट कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे । कार्यक्रम में अंचल कार्यालय के महा प्रबंधक श्री रामा नायक , क्षेत्रीय कार्यालय उडुपि I और उडुपि II के क्षेत्रीय प्रमुख श्रीमती लीना पीटर पिंटो और के काली अग्रणी बैंक कार्यालय उडुपि के प्रबंधक श्री पी एम पिनजर तथा विविध बैंकों के कार्यपालक उक्त कार्यक्रम में उपस्थित थे । श्री के रघुपति भट्ट, विधायक ने कहा कि इस साख संवर्धन कार्यक्रम से व्यक्ति अपने व्यवसाय के विस्तार कर सकते हैं और इस माध्यम से रोजगार की सुविधा उत्पन्न कर सकते हैं । 25 विविध बैंकों के 400 शाखाओं के प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया । कार्यक्रम के दौरान 157 करोड रुपए वितरित किए गए ।**





### चित्रदुर्गा जिला



## दावणगेरे जिला

दिनांक 27.10.2021 को अग्रणी बैंक, दावणगेरे द्वारा आयोजित साख संवर्धन कार्यक्रम का उद्घाटन श्री महंतेश बिलगी, आईएएस, उपायुक्त, दावणगेरे ने किया। श्री विजय महंतेश , आईएएस, सीईओ, जिला परिषद, दावणगेरे मुख्य अतिथि थे। श्री एच रघुराजा, सहायक महा प्रबंधक व क्षेत्राय प्रमुख दावणगेरे ने अध्यक्षता की। श्री नागेश प्रभु, सहायक महा प्रबंधक, केजीबी, श्री वेणुगोपाल रेड्डी, अध्यक्ष दावणगेरे डीसीसी बैंक, श्री रतन कुमार रत्न, सहायक महा प्रबंधक एसबीआई, श्री रवींद्र वी, डीडीएम, दावणगेरे और अन्य सभी बैंकों के प्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित थे। लगभग 250 लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिए। आयोजन के दौरान 168 कर्जदारों को 51.97 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई। 13 अक्तूबर से 27 अक्तूबर 2021 तक अभियान के दौरान 12383 कर्जदारों को कुल 251.29 करोड़ रुपये मंजूर किए गए।




## शिवमोग्गा जिला

वित्तीय सेवायें विभाग के निर्देशों के अनुसार शिवमोग्गा अग्रणी बैंक कार्यालय शिवमोग्गा ने दिनांक 22.10.2021 को कुवेम्पु रंगमंदिर, शिवमोग्गा में ग्राहक साख संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री. राघवेंद्र बी वाई माननीय सांसद ने मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

श्री. चंद्रशेखर राव, महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) ने सभा का स्वागत किया और कार्यक्रम के लाभों का उपयोग करने के लिए अनुरोध किया। श्री रामा नायक, महाप्रबंधक, अंचल कार्यालय मणिपाल ने अपने संबोधन में ग्राहकों को बैंकों में उपलब्ध विभिन्न ऋण सुविधाओं के बारे में बताया और ग्राहकों से उनकी आवश्यकताओं के आधार पर ऋण लेने का अनुरोध किया। श्री संदीप राव पी उप महा प्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय शिवमोग्गा ने धन्यवाद ज्ञापन अर्पित किया । कार्यक्रम में अग्रणी बैंक शिवमोग्गा के मंडल प्रबंधक यतीश एम डी भी उपस्थित थे। शिवमोग्गा जिले के लगभग 23 बैंक अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। जिले के विभिन्न बैंकों से सामूहिक रूप से लगभग 4230 कर्जदार कार्यक्रम के दिन 135 करोड़ रुपए लाभान्वित हुए ।




## कारवार जिला

दिनांक 28.10.2021 को अग्रणी बैंक, कारवार द्वारा साख संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उक्त कार्यक्रम का उद्‌घाटन श्रीमती प्रियंका , आईएएस उत्तरकन्नडा जिला ने किया। अंचल के उप महा प्रबंधक श्री प्रदीपा रामचंद्र भक्ता , सहायक महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख श्री रामा नायक , नबार्ड के निदेशक श्री रेजास इम्मानुवेल और अग्रणी बैंक कार्यालय के मण्डल प्रबंधक श्री रुद्रेश डी सी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे ।



# जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (DICGC) लाभार्थी कार्यक्रम

दिनांक 12.12.2021 को डीएफएस, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार तहत डीआईसीजीसी कार्यक्रम दावणगेरे डीसी कार्यालय में आयोजित किया गया था। माननीय प्रधान मंत्री जी ने प्रतिभागियों को वर्चुअल रूप में संबोधित किया। दावणगेरे पूरे भारत के उन 18 स्थानों में से एक था जहाँ कार्यक्रम आयोजित किया गया था । विभिन्न बैंकों के लगभग 400 जमाकर्ताओं ने भाग लिया। मिल्लत सहकारी बैंक के लगभग 100 डीआईसीजीसी लाभार्थी उपस्थित थे। माननीय केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, कौशल विकास और उद्यमिता श्री राजीवचंद्रशेखर इस अवसर पर उपस्थित थे।




दावणगेरे के माननीय संसद सदस्य, डॉ जी एम सिद्धेश्वर और श्री विजयमंथेश दानम्मनवर, आईएएस, सीईओ, जिला परिषद, दावणगेरे उपस्थित थे। श्री रामा नाइक, महा प्रबंधक व अंचल प्रमुख ने अध्यक्षता की। श्री सदाशिव प्रभु, केएएस, अतिरिक्त उपायुक्त, दावणगेरे, श्री रवि रंजन, महा प्रबंधक , एसबीआई एलसीएच , श्री एच रघु राजा, सहायक महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख , दावणगेरे, श्री नागेश प्रभु, क्षेत्रीय प्रबंधक , केजीबी, दावणगेरे, श्री रतन कुमार रत्न , महा प्रबंधक, एसबीआई, आरबीओ, दावणगेरे उपस्थित थे। दावणगेरे के सभी बैंकर और मीडिया भी मौजूद थे।



# सतर्कता जागरूकता सप्ताह

अंचल कार्यालय , मणिपाल  में केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशानुसार दिनांक 26.10.2021 से 01.11.2021 तक “स्वतंत्रता भारत @75 :: सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता” विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह का प्रारंभ किया गया । दिनांक 26.10.2021 को अंचल के महा प्रबंधक श्री रामा नायक की अध्यक्षता में अंचल के अन्य कार्यपालक सहित सभी कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा और सतर्कता प्रतिज्ञा ली गयी । हमारे सभी क्षेत्रीय कार्यालय तथा शाखा द्वारा अपने शाखा / कार्यालयों में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा और सतर्कता प्रतिज्ञा ली गयी ।




सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान अंचल के उप महा प्रबंधक श्री प्रदीपा रामचंद्र भक्ता द्वारा “ स्वतंत्रता भारत @75 :: सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता” विषय पर मुख्य भाषण दिया ।



## क्षेत्रीय कार्यालय उडुपि 1




## क्षेत्रीय कार्यालय शिवमोग्गा



## अंचल स्तरीय गायन प्रतियोगिता

प्रधान कार्यालय के दिशानिर्देशानुसार नवंबर 13 से नवंबर 16 तक हमारे सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । अंचल तथा क्षेत्रीय कार्यालयों से कुल 69 कर्मचारियों ने गायन प्रतियोगिता में भाग लिया । हर क्षेत्रीय कार्यालय तथा अंचल से दो विजेताओं को अंचल स्तरीय प्रतियोगिता में चुना गया। कुल 14 कर्मचारियों को अंचल स्तरीय गायन प्रतियोगिता में आमंत्रित किया गया ।



दिनांक 16.11.2021 को अंचल कार्यालय मणिपाल में उप महा प्रबंधक श्री प्रदीपा आर भक्ता के अध्यक्षता में अंचल स्तरीय गायन प्रतियोगिता का अंतिम चरण का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में श्रीमती आरति कुमारी बी, अंचल कार्यालय मणिपाल ,श्री अलुम बालचन्द्रुडु , मुरुडेश्वर शाखा और श्रीमती श्रीलक्ष्मी टी एच , क्षेत्रीय कार्यालय उडुपि 2 को क्रमशः प्रथम , द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ ।



# समीक्षा बैठक

## उडुपि I

दिनांक 12.11.2021 को श्री रामा नायक, अंचल प्रमुख व महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय कार्यालय उडुपी I के शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । क्षेत्रीय प्रमुख और उप महा प्रबंधक श्रीमती लीना पीटर पिंटो ने सितंबर 2021 तिमाही के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय के कारोबार निष्पादन प्रस्तुत किया और शाखा प्रमुखों से अगली तिमाही और वर्ष के लिए योजना बनाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय कार्यालय के अन्य मण्डल प्रबंधक और सभी अनुभाग प्रमुख उपस्थित थे।






## गोवा

दिनांक 22.12.2021 को श्री रामा नायक, अंचल प्रमुख व महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय कार्यालय गोवा में सितंबर 2021 तिमाही की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । क्षेत्रीय प्रमुख और सहायक महा प्रबंधक श्री गणेश आर ने तिमाही के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय के कारोबार निष्पादन प्रस्तुत किया । विभिन्न श्रेणियों के तहत उच्च प्रदर्शन करने वाले शाखाओं को पुरस्कृत किया गया ।

## उडुपि II

दिनांक 01.12.2021 को अंचल कार्यालय मणिपाल के प्रमुख और महा प्रबंधक श्री रामा नायक के मार्गदर्शन में उडुपी II के शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक क्षेत्रीय कार्यालय उडुपी II में आयोजित की गई । क्षेत्रीय प्रमुख और सहायक महा प्रबंधक श्री के काली ने सितंबर 2021 तिमाही के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय के कारोबार निष्पादन प्रस्तुत किया और शाखा प्रमुखों से अगली तिमाही और वर्ष के लिए योजना बनाने का आह्वान किया।



## कारवार

दिनांक 28.10.2021 को अंचल कार्यालय मणिपाल के पर्यवेक्षी कार्यपालक और उप महा प्रबंधक श्री प्रदीपा आर भक्ता के मार्गदर्शन में कारवार क्षेत्रीय कार्यालय के चुनिंदा शाखा प्रबंधकों के सामरिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई । क्षेत्रीय प्रमुख और सहायक महा प्रबंधक श्री रामा नायक ने तिमाही के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय के कारोबार निष्पादन प्रस्तुत किया और शाखा प्रमुखों से अगली तिमाही और वर्ष के लिए योजना बनाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय कार्यालय के अन्य मण्डल प्रबंधक और सभी अनुभाग प्रमुख उपस्थित थे।



## मेगा एमएसएमई एक्स्पो

दिनांक 18.10.2021 को क्षेत्रीय कार्यालय कारवार के प्रमुख व सहायक महा प्रबंधक श्री रामा नायक ने मेगा एमएसएमई एक्स्पो का उद्‌घाटन कारवार में किया गया।



# सिक्का (कॉईन) मेला

**दिनांक 27.10.2021 को अंचल कार्यालय में क्षेत्रीय कार्यालय उडुपि 1 द्वारा सिक्का मेले का आयोजन किया गया ।**




**दिनांक 29.12.2021 को मुद्रा कोश, पणजी द्वारा सिक्का मेला आयोजित किया गया।**






# राज्यसभा की अधीनस्थ विधान सम्बन्धी संसदीय समिति का अध्ययन दौरा

**दिनांक 29.10.2021 व 30.10.2021 को राज्यसभा की अधीनस्थ विधान सम्बन्धी संसदीय समिति का अध्ययन दौरा श्री प्रताप सिंह बाजवा की माननीय अध्यक्षता में गोवा राज्य में हुआ । उक्त दौरे का समन्वयक के रूप में केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय गोवा को उत्तरदायित्व प्रदान किया गया। क्षेत्रवार कई सत्र आयोजित किए गए जिसमें समिति के सदस्यों ने राज्य सरकार के शीर्ष स्तर के अधिकारियों के साथ चर्चा के चुने हुए विषय पर विचार-विमर्श किया। गोवा राज्य के केंद्रीय मंत्रालयों, विद्‌युत नियामकों और विद्‌युत अवसंरचना निगमों, पोर्ट ट्रस्टों और शिपयार्ड कंपनियों, वित्त क्षेत्र के नियामकों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी उक्त कार्यक्रम में उपस्थित थे।**




**कार्यक्रम में केनरा बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एल वी प्रभाकर डीबीएस विभाग के महा प्रबंधक श्री अतुल कुमार और मणिपाल अंचल प्रमुख व महा प्रबंधक श्री रामा नायक , गोवा क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महा प्रबंधक श्री आर गणेश के द्वारा केनरा बैंक का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया।**





# संस्थापक दिवस समारोह




अंचल कार्यालय मणिपाल में दिनांक 19 नवंबर 2021 को 116वां संस्थापक दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया।समारोह की अध्यक्षता श्री राम नायक के, महाप्रबंधक व अंचल प्रमुख ने की । समारोह में अंचल के अन्य कार्यपालक और सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। समारोह में चुनिंदा शाखाओं के ग्राहक को भी आमंत्रित किया गया था । समारोह के दौरान आमंत्रित ग्राहकों को महा प्रबंधक श्री रामा नायक द्वारा सम्मानित किया गया।




संस्थापक दिवस के शुभ अवसर पर कस्तुरबा मेडिकल कॉलेज मणिपाल के समन्वय से अंचल कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अंचल कार्यालय मणिपाल, सीपीसी-एफटी, सीपीएच मणिपाल, एआरएम शाखा मणिपाल, सीजीटीएमएसई प्रधान कार्यालय वेर्टिकल और नकद प्रबंधन व लेखन सामग्री विभाग, प्रधान कार्यालय से लगभग 82 स्टाफ सदस्यों ने रक्तदान शिविर में भाग लिया ।



**समारोह में सीएसार के तहत उडुपी जिले के स्कूलों की 24 छात्राओं को केनरा विद्या ज्योति छात्रवृत्ति वितरित की गई। हमारे स्टाफ सदस्यों द्वारा  सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।**






## क्षेत्रीय कार्यालय दावणगेरे

दिनांक 19 नवंबर 2021 को 116वां संस्थापक दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। संस्थापक दिवस के दौरान श्री मरलसीदप्पा और श्री नडिगर , दो स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया गया ।



## क्षेत्रीय कार्यालय कारवार

सहायक महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख श्री रामा नायक के अध्यक्षता में दिनांक 19.11.2021 को कारवार क्षेत्रीय कार्यालय में संस्थापक दिवस समारोह का आयोजन किया गया।उक्त समारोह में पदम्श्री श्रीमती तुलसी गौडा को क्षेत्रीय प्रमुख ने सम्मानित किया । क्षेत्रीय कार्यालय के सभी कर्मचारी समारोह में उपस्थित रहे ।



## क्षेत्रीय कार्यालय गोवा




## क्षेत्रीय कार्यालय उडुपि - ।



दिनांक 19 नवंबर 2021 को क्षेत्रीय कार्यालय उडुपि । में श्रीमती लीना पीटर पिंटो की अध्यक्षता में 116वां संस्थापक दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे । समारोह के दौरान विशिष्ट ग्राहकों को आमंत्रित किया और उन्हें उप महा प्रबंधक श्रीमती लीना पीटर पिंटो द्वारा सम्मानित किया गया।



क्षेत्रीय कार्यालय उडुपि । के
दैनिक कर्मचारी
श्री शरत द्वारा किए गए रंगोली

## कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR)

**116वां संस्थापक दिवस समारोह के शुभ अवसर पर हमारे क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा विविध सीएसआर गतिविधियाँ आयोजित की गई।**

### क्षेत्रीय कार्यालय शिवमोग्गा

**शिवमोग्गा जिल्ले के बीरनकरे सरकारी प्रायमरी स्कूल में  सीएसआर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उक्त संदर्भ में स्कूल परिसर में 116 पौधारोपण श्री संदीप राव पी , उप महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख ने किया ।  केनरा विद्याज्योति योजना के तहत अनुसूचित एससी / एसटी के मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति वितरित की गई  और बच्चों को खेल किट वितरित की गई।**



### क्षेत्रीय कार्यालय उडुपि 1

उप महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख श्रीमती लीना पीटर पिंटो के नेतृत्व में मल्पे में स्थित श्री शिव पंचाक्षर भजन मंदिर में वाटर प्यूरीफायर सी एस आर के तहत भेंट स्वरूप प्रदान किया गया । उक्तावसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे ।




## क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार

दिनांक 04.12.2021 को हैदराबाद में राजभाषा विभाग , गृह मंत्रालय , भारत सरकार द्वारा दक्षिण तथा दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन हैदराबाद में किया गया । उक्तावसर में वर्ष 2019-2020 के दौरान राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए "ग" क्षेत्र में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की श्रेणी में हमारे उडुपि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ जिसका संयोजक केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय उडुपि 1 है । श्रीमती लीना पीटर पिंटो , क्षेत्रीय कार्यालय उडुपि 1 के प्रमुख व उप महा प्रबंधक एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उडुपि के अध्यक्ष ने शील्ड एवं प्रमाणपत्र प्राप्त किए ।



## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अर्धवार्षिक बैठक

### क्षेत्रीय कार्यालय उडुपि - I

दिनांक 14.12.2021 को श्रीमती लीना पाटर पिंटो , उप महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 14 वीं अर्धवार्षिक बैठक ऑनलाईन माध्यम से आयोजित की गई। क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के उप निदेशक श्री कुमार पाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे । उक्त बैठक में कुल 20 सदस्य कार्यालय उपस्थित थे।







### क्षेत्रीय कार्यालय कारवार

दिनांक 14.12.2021 को श्री रामा नायक , सहायक महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 54 वीं अर्धवार्षिक बैठक ऑनलाईन माध्यम से आयोजित की गई। प्रधान कार्यालय से उप महा प्रबंधक व राजभाषा के पर्यवेक्षी कार्यपालक श्री एच एम बसवराज मुख्य मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित थे ।

### नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति

मणिपाल अंचल के अधीन तीन क्षेत्रीय कार्यालय नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक हैं ।

| समिति का नाम | क्षेत्रीय कार्यालय | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| उडुपि | उडुपि I | श्रीमती लीना पीटर पिंटो |
| कारवार | कारवार | श्री रामा नायक |
| भद्रावती- शिवमोग्गा | शिवमोग्गा | श्री संदीप राव पी |

# गोल्ड लॉन प्लाझ्ा का उद्‌घाटन




### शिवमोग्गा क्षेत्रीय कार्यालय – होळ्ळूर शाखा

**दिनांक 19 नवंबर 2021 को 116वां संस्थापक दिवस के अवसर पर होळ्ळूर शाखा में "गोल्ड लोन प्लाजा" का उद्‌घाटन किया। क्षेत्रीय कार्यालय शिवमोग्गा के उप महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख श्री संदीप राव पी तथा विशिष्ट ग्राहकों द्वारा प्लाज़ा का उद्‌घाटन किया गया।**




### गोवा क्षेत्रीय कार्यालय – असनोरा शाखा

**दिनांक 19 नवंबर 2021 को असनोरा शाखा में "गोल्ड लोन प्लाजा" का शुभारंभ किया गया। श्री आर गणेश , सहायक महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख ने लोन प्लाज़ा का उद्‌घाटन किया गया।**




## 100% दोष सुधार (Spot Rectification) शाखायें

| क्षे.का<br>RO | शाखा का नाम<br>Branch Name |
|---|---|
| दावणगेरे<br>Davangere | Chitradurga Holalkere Road (6353)<br>Ajjihalli (8848) |
| शिवमोग्गा<br>Shivamogga | Santhekadur (3797) |
| उडुपि I<br>Udupi I | Manipal TAPMI ( TA Pai Management Institute) (12420) |
| | Specialised Mid Corporate Branch Manipal (7027) |
| उडुपि II<br>Udupi II | Specialised SME Branch, Hebri (10126) |
| | Hebri (2502) |



## क्षेत्रीय कार्यालय शिवमोग्ग के अंतर्गत आने वाले हमारे कुम्सी शाखा (11910) के नए परिसर का उद्घाटन

दिनांक 18.12.2021 को हमारे कुम्सी शाखा के नए परिसर का उद्घाटन अंचल कार्यालय के प्रमुख व महा प्रबंधक श्री रामा नायक के करकमलों से किया गया । श्री संदीप राव पी , उप महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख, श्री के के बलराज मण्डल प्रबंधक, शाखा प्रमुख श्री सुरेन्द्रा टी ई , ग्राहक और स्थानीय ग्राम पंचायत अधिकारी भी उक्त उद्घाटन समारोह में उपस्थित थे । अपने संबोधन में उन्होंने ग्राहकों से अनुरोध किया कि वे हमारे बैंक से सदैव जुडे रहें और उच्चतम सेवायें प्रदान करने का आश्वासन भी दिया ।




**चरित्र सभी सफलताओं का वास्तविक आधार है – जे एच हैमंड**

**Character is the real foundation of all worthwhile success.**
**– J H Hammond**



# उद्यमिता विकास केंद्र (CED) गतिविधि



**महिला उद्यमिता विकास गतिविधि के तहत हमारे अंचल कार्यालय द्वारा दिनांक 29 नवंबर से 31 दिसंबर 2021 तक भारतीय विकास ट्रस्ट के सहयोग से 30 दिनों के परिधान डिजाइनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया है। ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग 32 महिलाओं ने भाग लिया और कार्यक्रम से लाभान्वित हुए । उक्त कार्यक्रम के समापन समारोह में हमारे महा प्रबंधक श्री रामा नायक द्वारा उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए ।**





# स्वयं सहायता समूह (SHG) ऋण शिविर

श्री के काली, सहायक महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख उडुपी II के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 10.12.2021 को हमारे वंदसे शाखा में एसएचजी ऋण मेला आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम वंदसे, कोल्लूर, इडूरखुनहाडी और नेरलकट्टे शाखाओं के सहयोग से आयोजित किया गया । अभियान के दौरान 28 नए एसएचजी को 42.05 लाख रुपये का ऋण वितरित किए गए । कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, कृषि, एमएसएमई और खुदरा ऋण जैसे हमारे बैंकिंग उत्पादों के बारे में अवगत कराया ।






# रीटेल मेला

क्षेत्रीय प्रमुख व उप महा प्रबंधक श्री संदीप राव पी के मार्गदर्शन में शेषाद्रिपुरम शाखा में रीटेल मेला का आयोजन किया गया । श्री विश्वा एन एस , मण्डल प्रबंधक खुदरा आस्ति केंद्र द्वारा मेला का नेतृत्व किया गया । सभी क्लस्टर शाखाओं ने उक्त मेले में सक्रिय भाग लिया ।



## क्या आप जानते हैं !!!

### अब CBS हिन्दी सहित दस क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है ।

ग्राहकों को हिन्दी सहित दस क्षेत्रीय भाषाओं में पासशीट देने के लिए शाखाएं RAJBHASHA CBS का उपयोग कर सकती है |






| अनुपालनार्थ | FOR COMPLIANCE |
| --- | --- |
| **शाखाओं में त्रिभाषी फॉर्मों की उपलब्धता**<br><br>प्रधान कार्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार, “ ग ” क्षेत्र के तहत आने वाली सभी शाखाओं में ग्राहक संबंधित सभी फॉर्म त्रिभाषी में ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाना है।<br><br>प्रधान कार्यालय द्वारा एसएएस पैकेज में इन फॉर्मों का त्रिभाषी रूप में सक्षम किया गया है। सभी शाखाएं **SAS Package – General – Printing & Stationary Inventory Management System (PSIMS)** के माध्यम से एनएफ 132 ए , एनएफ 220 , एनएफ 708, एनएफ 1018 और एनएफ 959 जैसे फॉर्मों की त्रिभाषी फॉर्म की मांग करें।<br><br>**सभी शाखा प्रभारियों से अनुरोध है कि उपर्युक्त ग्राहक संबंधित सभी फॉर्म की उपलब्धता केवल त्रिभाषी में सुनिश्चित करें ।** | **Availability of trilingual forms in Branches**<br><br>As per the guidelines received from the Head Office, the Customer related forms are to be made available to the customers in trilingual in all the branches coming under “C” region.<br><br>Head Office has enabled trilingual forms in SAS Package. Branches to indent the forms such as NF 132A, NF 220, NF 708 , NF 1018 & NF 959 in trilingual through **SAS Package – General – Printing & Stationary Inventory Management System (PSIMS).**<br><br>**Hence all the Branch-In-Charges are requested to ensure the availability of the above customer related forms in trilingual only.** |

## राजभाषा हिंदी की सांविधिक तिमाही प्रगति विवरणी (STR – 18)

## यथा दिसंबर 2021

**(HO Cir 648/2021 dt 30.09.2021)**

### अखिल भारतीय सतर पर

### शत- प्रतिशत (100%) ऑनलाइन (SAS Package) प्रस्तुतिकरण

### करने वाले प्रथम अंचल कार्यालय – मणिपाल

### निर्धारित समय पर प्रस्तुतिकरण करने वाले सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को






| चालू अभियान विवरण / ONGOING CAMPAIGNS DETAILS | | |
|---|---|---|
| क्रमांक SL NO | अभियान विवरण / DETAILS OF CAMPAIGN | अवधि / PERIOD |
| | कृषि / AGRICULTURE | |
| 1 | RUPAY CARD | 01.04.2021 TO 31.03.2022 |
| 2 | SELF HELP GROUP CREDIT LINKAGE MONTH | 01.02.2022 TO 28.02.2022 |
| 3 | MISSION 1 LAKH CRORE-MEGA GOLD LOAN CAMPAIGN | 01.01.2022 TO 31.03.2022 |
| | खुदरा / RETAIL | |
| 4 | RETAIL RELAY RACE-R3 PHASE II | 26.09.2021 TO 25.12.2021 |
| 5 | ED CLUB - GROUP CREDIT SECURE PLAN CAMPAIGN FOR RAHs | 01.01.2022 TO 28.02.2022 |
| 6 | AZADI KA AMRUT MOHASTAV (AKAM) - CO CAMPAIGN | 27.01.2022 TO 28.02.2022 |
| | एमआयपीडी / MIPD | |
| 7 | CASA CONNECT CAMPAIGN-PHASE II | 11.10.2021 TO 31.03.2022 |
| 8 | CANARA UNIQUE (RTD-1111 DAYS) | 01.07.2021 TO 31.03.2022 |
| 9 | CONTEST FOR SOURCING NEW PENSION ACCOUNTS | 01.07.2021 TO 31.03.2022 |
| 10 | DOCTORS MONTH | 01.01.2022 TO 28.02.2022 |
| 11 | DSB UDAAN CAMPAIGN - DOOR STEP BANKING | 01.02.2022 TO 28.02.2022 |
| 12 | CANVAS CAMPAIGN - CO CAMPAIGN | 01.02.2022 TO 28.02.2022 |
| | विपणन / MARKETING | |
| 13 | MISSION ONE BILLION NAYA DHUR ( LIFE INSURANCE) | 01.01.2022 TO 28.02.2022 |
| 14 | BUSINESS DRIVE - BAGIC (BAJAJ GENERAL INSURANCE) | 01.04.2021 TO 31.03.2022 |
| 15 | HELP OUR CUSTOMER DRIVE - HDFC ERGO GEN INSURANCE | 01st - 10th OF EVERY MONTH |
| 16 | MUTUAL FUND BUSINESS DRIVE | 01.07.2021 TO 31.03.2022 |
| 17 | JANSURAKSHA SATURATION | 02.10.2021 TO 30.09.2022 |
| 18 | WINNING WEDNESDAY-APY INTERNAL CO CAMPAIGN | EVERY WEDNESDAY |
| 19 | PMSBY & PMJJBY INTERNAL CO CAMPAIGN | EVERY MONDAY AND FRIDAY |
| | वसूली / RECOVERY | |
| 20 | CREDIT CARD NPA RECOVERY | 01.01.2022 TO 31.03.2022 |
| 21 | EXCLUSIVE MEGA CAN ADALATH | EVERY THURSDAY |
| 22 | MEGA AUCTION FORTNIGHT INTERNAL CO CAMPAIGN | FORTNIGHT |
| 23 | RECOVERY CONTEST FEB & MAR 2022 CO CAMPAIGN | 01.02.2022 TO 28.02.2022 |
| | वसूली / TM | |
| 24 | DIGITAL CARNIVAL CAMPAIGN | 17.01.2022 TO 31.03.2022 |
| 25 | 100 PERCENT DIGITAL CUSTOMER CONVERSION CAMPAIGN | 01.02.2022 TO 30.04.2022 |
| | सामान्य प्रशासन / GA | |
| 26 | CAMPAIGN FOR OLD OBSOLETE FURNITURE ITEMS AND DESTRUCTION OF OLD RECORDS | 01.02.2022 TO 28.02.2022 |
| | वसूली / BS & IC | |
| 27 | MISSION SAMADHAAN -SA ENTIRES ABOVE 6 MONTHS WIPE OFF - CO CAMPAIGN | 01.02.2022 TO 10.02.2022 |

## हिसाब कौन देगा

सरहद से हर रोज़
शहादत चीखती चिल्लाती है,
वतन पे मरनें मिटनें वालों का
अब,हिसाब कौन देगा !

ना जाने, दुश्मन की किस, गोली पर
किसका रक्त बह जाएगा,
खून में बह जाने वाले, अरमानों का
अब,हिसाब कौन देगा !


किसी का लाल था वो,
किसी कि माँग का सिंदूर था वो,
सूने पड़े इस आँगन का,
अब,हिसाब कौन देगा !

आँसूओं के मेघ अब थमते नहीं,
हथेलियों पे जौं कभी जमते नहीं,
गर, ये हालात बदले नहीं कभी,
तो, आने वाली पीड़ीयों को,
अब,हिसाब कौन देगा !...



नितिन गुप्ता (103201)
परि अधिकारी
बायना वास्को शाखा
गोवा क्षे का





हे शौर्यॅ परा क्रम के प्रतीक
जनरल रावत हो गये मौन
रणनीति कार हे महावीर
अब देश की रक्षा करेगा कौन?

हुंकार तुम्हारी सुनने से
दश्मन भी कांपा करता था
दृढ निणॅय क्षमता के आगे
है राष्ट्र प्रथम यह रहता था।।

हे वीर व्रती तेरे संग मे
तेरह कुल नायक और गये
हो कर शहीद इस वतन के लिए
दे कर आंसू चले गये। ।

बलिदान आपका रावत जी
यह देश भूल न पायेगा
जब तक यह सूरज चाँद रहेगा
अमर नाम रह जायेगा।।

राजेंद्र की कलम से
9/12/2021

श्री अभिषेक श्रीवास्तव , 646390
( प्रबंधक,कुंजिबेट्टु शाखा )
के पिता
श्री राजेंद्र श्रीवास्तव
द्वारा लिखीत

# क्या आप जानते हैं!

## Did you know that!

# You can learn Regional Languages through CanDLE

***Now you can learn the following regional languages under***

***<u>CanDLE>Self Paced Learning</u>***




***Hindi*** ***Kannada*** ***Telugu*** ***Odia***

CanDLE

Canara Digital Learning Experience

Engage | Educate | Empower

# अंचल कार्यालय मणिपाल की संगठनात्मक संरचना
# Organisational Structure of Circle Office Manipal

क्षेत्रीय कार्यालय / Regional Office : **6** शाखा / Branch : 438

| क्षेत्रीय कार्यालय REGIONAL OFFICE | एलसीबी LCB | ईएलबी ELB | वीएलबी VLB | एलबी Large | मध्यम Medium | लघु Small | | ग्रामीण Rural | अर्ध शहरी Semi-Urban | शहरी Urban | कुल Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दावणगेरे DAVANGERE | | 1 | 20 | 14 | 35 | 6 | | 38 | 16 | 22 | **76** |
| गोवा GOA | | 3 | 2 | 23 | 44 | 4 | | 41 | 35 | 0 | **76** |
| कारवार KARWAR | | 0 | 7 | 20 | 52 | 3 | | 50 | 32 | 0 | **82** |
| शिवमोग्गा SHIVAMOGGA | | 0 | 19 | 23 | 38 | 1 | | 47 | 11 | 23 | **81** |
| उडुपि I UDUPI I | | 2 | 11 | 26 | 26 | 3 | | 35 | 5 | 28 | **68** |
| उडुपि II UDUPI II | | 1 | 7 | 15 | 28 | 1 | | 33 | 18 | 1 | **52** |
| अंचल कार्यालय CIRCLE OFFICE | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | | | 2 | 1 | **3** |
| **कुल / TOTAL** | **1** | **7** | **67** | **121** | **224** | **18** | | **244** | **119** | **75** | **438** |

| क्षेत्रीय कार्यालय REGIONAL OFFICE | आरएएच RAH | एमएसएमई सुलभ MSME SULABH | लेखा अनुभाग Accounts Section | मुद्रा कोष CC | अग्रणी बैंक LBO |
|---|---|---|---|---|---|
| दावणगेरे DAVANGERE | 2 | 1 | 0 | 2 | 2 |
| गोवा GOA | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 |
| कारवार KARWAR | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 |
| शिवमोग्गा SHIVAMOGGA | 1 | 0 | 1 | 2 | 1 |
| उडुपि I UDUPI I | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 |
| उडुपि II UDUPI II | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| **कुल / TOTAL** | **9** | **4** | **2** | **9** | **5** |


# दिसंबर 2021 तिमाही के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारी
# Staff retired during December Quarter – 2021

| Sl No | Staff Id | Name | Designation | Placement | Date Of Retirement |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 49448 | Giriyappa G | Officer | Chilur | 31.10.2021 |
| 2 | 70352 | Murigendrappa C S | SWINOPR A | Shiramagondanahalli | 31.10.2021 |
| 3 | 70357 | Ibrahim T | SWINOPR A | Chitradurga | 31.10.2021 |
| 4 | 363196 | Vasu Sherigara, | Clerk | Udupi Founders Branch | 31.10.2021 |
| 5 | 429566 | Sandhya M Kamath, | Clerk | Nandangadda | 31.10.2021 |
| 6 | 480149 | Venkatesh Naik, | Clerk | Pethri | 31.10.2021 |
| 7 | 426712 | G Giridhar Pai, | Branch Manager | Mapa Goa | 30.11.2021 |
| 8 | 482275 | Chandraprabha Mani P, | Branch Manager | Manipal C.O. | 30.11.2021 |
| 9 | 402280 | Kenneth Charles D Souza, | Clerk | Goa Panaji | 30.11.2021 |
| 10 | 460499 | Sudha Kalkeri, | Clerk | Manipal | 30.11.2021 |
| 11 | 343158 | Sadananda Poojary, | Clerk | Udyavara | 30.11.2021 |
| 12 | 43893 | Medhavee Undaru | Swinopr A | Haradi | 30.11.2021 |
| 13 | 44720 | K Thulsidas Kini | Swinopr A | Yermal Thenka | 30.11.2021 |
| 14 | 41205 | Bharathi P Kini | Swinopr A | Karkala | 30.11.2021 |
| 15 | 489292 | Nagaveni N Gunaga, | Attender | Belekeri | 30.11.2021 |
| 16 | 48230 | Sri N R Nagaraja | Sr Mgr | Chitradurga Currency Chest | 31.12.2021 |
| 17 | 449456 | Mangala Gowri M Nejjur, | Sr Mgr | Janmane | 31.12.2021 |
| 18 | 45097 | V M Prabhu | Manager | Goa Vascodagama | 31.12.2021 |
| 19 | 431910 | M Damodar Pai, | Asst Mgr | Kemmannu | 31.12.2021 |
| 20 | 48575 | Shubhalakshmi Ashok Vaze | SWINOPR A | Goa Mapuca | 31.12.2021 |
| 21 | 410760 | Sainath M Shet, | Clerk | Banavasi | 31.12.2021 |
| 22 | 429588 | Prakash Bhat, | Clerk | Joida | 31.12.2021 |
| 23 | 446934 | Arun Micheal Dias, | Clerk | Colva | 31.12.2021 |
| 24 | 460525 | Vishwanath Shetty K, | Clerk | Miyar | 31.12.2021 |
| 25 | 515421 | Vidya V Mesta, | HKA | Gerasoppa | 31.12.2021 |

**हम उन्हें एक स्वस्थ, शांतिपूर्ण और संतुष्ट सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हैं**




**WE WISH THEM ALL A HEALTHY, PEACEFUL AND A CONTENDED RETIRED LIFE.**


ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank
सिंडिकेट Syndicate
Azadi Ka Amrit Mahotsav
आपके वित्तीय विकास के लिए एक अनोखा अवसर
केनरा यूनीक 1111 दिन
खुदरा मीयादी जमा योजना
केनरा बैंक ने हर्ष के साथ उच्चतर ब्याज दरों की घोषणा की है
अब पाएं 6.05% प्रति वर्ष* ब्याज दर का लाभ
इसके अलावा बचत खाते पर पाएं 3.50% प्रति वर्ष** ब्याज दर का लाभ
**विशिष्ट स्लैब्स के लिए
*वरिष्ठ नागरिकों के विशिष्ट स्लैब्स के लिए।
*शर्तें लागू
www.canarabank.com
1800 425 0018
canarabank
canarabankofficial
canarabankinsta

# LET'S GO DIGITAL







आपसे अनुरोध है कि आपके मूल्वान सुझाव प्रेषित करें ताकि इसमे मूल्यवर्धन कर सकें । पत्रिका के प्रकाशन हेतु अपने लेख ( बैंकिंग / गैर बैंकिंग ) , कविता , कहानी , यात्रावृतांत , कार्टून आदि प्रेषित करके पत्रिका को संवारने के लिए अपने योगदान देंगे । लेख हिंदी या अंग्रेज़ी में होनी चाहिए।

We request you to kindly send your valuable feedbacks so that we may add value to it. All our employees kindly contribute to the magazine by sending their articles (banking / non-banking) / story / poetry / travelogue , cartoon etc. Articles should be in English or Hindi.

**राजभाषा संबंधित किसी भी सहायता हेतु व पत्रिका संबंधित हेतु कृपया संपर्क करें**
**For any assistance regarding Official Language and magazine related contact**

**राजभाषा कक्ष, अंचल कार्यालय , मणिपाल**
**Official Language Cell, Circle Office , Manipal**
☎ 08805297426 ✉ olcompl@canarabank.com

केवल आंतरिक परिचालन हेतु For Internal use only